☎ : 05947-252841

# पायनियर चेतना

18 जनवरी 2009 e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com अंक-301

website : www.internationalpioneers.org

(नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था, इन्टरनेशनल पायनियर्स द्वारा प्रकाशित)

(अवैतनिक) प्रधान सम्पादक : सन्तोष कुमार मेहरोत्रा, रामनगर (नैनीताल) सह सम्पादक : पाय० राकेश अरोड़ा (अवैतनिक)

पाय० एल० सी० अरोड़ा (अवैतनिक)

Pioneerism A commitment to Humanity

## जनता के लिए शीघ्र ही समर्पित की जायेगी नई एम्बुलेन्स सेवा

### ......पाय. केशव शिवहरे एडवोकेट (राष्ट्रीय अध्यक्ष)

- चित्रकूट पायनियर्स से अन्य शाखाएं भी प्रेरणा लें......पाय. अजय अग्रवाल (राष्ट्रीय सचिव)
- पायनियर्स एम्बुलेन्स सेवा ड्रीम प्रोजेक्ट............पाय. डा. सुधीर अग्रवाल (शाखा निदेशक)

**चित्रकूट, 07 जनवरी 2009।** विगत 6 जनवरी 2009 को भीषण अग्निकाण्ड के चलते पीड़ितों की सेवा में लगी एम्बुलेन्स जो जलकर पूरी तरह खाक हो गई है। इस घटना पर अफसोस जाहिर करते हुए इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेवी श्री केशव शिवहरे एडवोकेट ने बृहस्पतिवार 7 जनवरी को देर रात पायनियर्स क्लब की आपात बैठक पाय. विनोद गुप्ता के प्रतिष्ठान में बुलाई, जिसें सभी सदस्यों ने एक स्वर से तत्काल नई एम्बुलेन्स खरीदने पर जोर दिया। उन्होंनें बताया कि माह जनवरी के अन्तिम सप्ताह तक नई एम्बुलेन्स पुन: मरिजों की सेवा में समर्पित हो जायेगी।

समाज के सभी लोगों की सेवा में इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था के नाम से जाना जाता है। एम्बुलेंस के माध्यम से मरीजों को शीघ्र ही गंतव्य स्थानों/चिकित्सालयों में ले जाने हेतु पायनियर्स एम्बुलेन्स सेवा जनपद में लगभग पांच वर्षो से संचालित है। चित्रकूट पायनियर्स ने अपनी थीम 'हमारा अभियान, हर चेहरे पर हो मुस्कान' को आज यथार्थ रूप में सार्थक कर समाज सेवा की अनुकरणीय मिशाल पेश की है। सभी सदस्यों ने इस दुख की घड़ी की परवाह न करते हुए तत्काल आपस में धन संग्रह कर नई एम्बुलेंस की बुकिंग करा दी है जो 26 जनवरी तक आ जायेगी।

संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिवहरे ने संस्था के सभी शाखाओं के पदाधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संरचनात्मक दायित्वों का निर्वहन करें। समाज सेवा मात्र बैठकों एवं मनोरंजक मीटिंगों तक ही सिमट कर न रह जाय। उन्होंने चित्रकूट शाखा के सभी पायनियर्स के उत्साह, समर्पण व धैर्य के लिए आभार व्यक्त किया साथ ही समाज के सभी शुभ चिंतकों के मार्गदर्शन एवं स्नेह को सराहनीय कदम बताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

राष्ट्रीय सचिव अजय अग्रवाल एवं स्थानिय इकाई के निदेशक डा. सुधीर अग्रवाल, महेन्द्र केशरवानी, विधिक सलाहकार अशोक गुप्ता एडवोकेट व संजय अग्रवाल एडवोकेट, राजीव अग्रवाल, डा. सीताराम गुप्ता, डा. प्रबोध अग्रवाल ने 'पायनियर्स एम्बुलेन्स सेवा' को अपना सबसे महत्वपूर्ण एवं ड्रीम प्रोजेक्ट की संज्ञा दी है।

उन्होंने कहा कि हम कठिन से कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए इस प्रोजेक्ट पर कभी आंच नहीं आने देगें। इस अवसर पर संस्था के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## वर्ष 2008 के वी.डी.पाण्डे सर्वश्रेष्ठ सदस्य, पुनीत शर्मा द्वितीय, राजा चड्ढा तृतीय निर्वाचित किये गये

रामनगर। वर्ष 2008 में बी०डी० पाण्डे सर्वश्रेष्ठ सदस्य, पुनीत शर्मा द्वितीय, राजा चड्ढा तृतीय चुने गये। रामनगर नववर्ष के प्रथम दिन अग्रवाल सभा, रामनगर में सभी पायनियर्स ने कड़कड़ाती ठण्ड में जलते अलाव के मध्य नववर्ष का स्वागत उत्साह के साथ किया।

इस कार्यक्रम में 23 पायनियर परिवार उपस्थित हुए। मुख्य अतिथी भारतीय जीवन बीमा रामनगर के शाखा प्रबन्धक एस.के. शर्मा ने सबको नववर्ष की बधाई देते हुए पुरस्कार वितरित किया।

वर्ष 2008 के लिये सर्वश्रेष्ठ पायनियर्स सदस्य का निर्वाचन गुप्त मतदान प्रणाली से किया गया। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पाय. बीडी पाण्डे को वर्ष 2008 का सर्वश्रेष्ठ सदस्य निर्वाचित किया गया। शाखा सचिव एवं राष्ट्रीय उपमहासचिव पुनीत शर्मा को प्राप्तांको के आधार पर द्वितीय तथा राजा चड्ढा तृतीय स्थान पर रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रसिद्ध हास्य कलाकार रामपाल किशोर की हास्य प्रस्तुति द्वारा किया गया। उनके द्वारा प्रस्तुत प्रत्येक हास्य प्रस्तुति पर दर्शक लगातार ठहाके लगाने पर मजबूर रहे। नगर के विद्वान साहित्यकार डा० बृजमोहन गुप्ता की हास्य प्रस्तुतियाँ अत्यन्त लाजवाब साबित हुई। हँसते-हँसते सभी के पेट में बल पड़ गये। विशेष रूप सड़क चलते एक कुत्ते को नेता ने काटा.., उल्लू के पट्ठे.........., तथा चिढ कविता तो बहुत सराही गयी। आयुषी मित्तल ने की प्रेरणा प्रदान करने के लिये लक्ष्य कैसे निर्धारित करें, पर प्रकाश डाला। पायनियर्स की मीटिंग में प्रथम बार शामिल उमेश गोयल सर्राफ तथा उनकी पत्नी का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। श्री एवं श्रीमती धनेश्वरी घिल्डियाल की मीटिंग में सर्वप्रथम पधारने के लिए पुरुष्कृत किया गया। हास्य कलाकार रामपाल किशोर तथा डा० बृजमोहन गुप्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

मीटिंग का संचालन सचिव पुनीत शर्मा द्वारा किया गया, अध्यक्षता रामनगर पायनियर्स के अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा ने की। संतोष मेहरोत्रा ने बताया कि शीघ्र हैपीटाटिइज का शिविर, ग्रीन कार्ड शिविर, ह्रदय रोग परीक्षण शिविर लगाये जायेंगे।

मीटिंग के उपरान्त रात्रिभोज के बाद सभी सदस्यों ने सामूहिक नृत्य का आनन्द लिया।

## वर्ष 2008 के बी.डी.पाण्डे सर्वश्रेष्ठ सदस्य, पुनीत शर्मा द्वितीय, राजा चड्ढा तृतीय निर्वाचित किये गये













## पायनियर्स क्लब रामनगर द्वारा अलाव जलाया गया

31 दिसम्बर को जहां रामनगर तथा ढिकुली स्थित अनेक रिसोर्ट पर्यटकों से खचाखच भरे हुए थे। कड़ाके की ठण्ड थी। पायनियर्स क्लब रामनगर ने स्टेट बैंक चौराहे पर अलाव जलाया तथा रात भर ठंड से बचने के लिए लोग अलाव पर आग ताप कर ठंड से बचने को प्रयत्न रहे।

## रामनगर पायनियर्स क्लब द्वारा कम्बल वितरण

रामनगर 31 दिसम्बर को एसडीएम रामनगर द्वारा निसहाय गरिबों को ठंड से बचने के लिए कम्बल वितरित किये। पायथिनर्स क्लब रामनगर ने भी इस कार्यक्रम से प्रशासन को सहयोग दिया।

## सेवा समिति में पायनियर्स क्लब ने स्वेटर व कम्बल वितरित किये

### पायनियर्स के कार्य अत्यन्त सराहनीय है...........विधायक दीवान सिंह बिष्ट

रामनगर 1 दिसम्बर को नगर के लोकप्रिय विधायक श्री दीवान सिंह बिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में सेवा समिति द्वारा संचालित माउण्टेसरी स्कूल के बच्चे वस्त्र एवं स्वेटर वितरित किये। स्वेटर की व्यवस्था पायनियर्स क्लब, रामनगर द्वारा की गयी। विधायक श्री राम सिंह बिष्ट के कर कमलों द्वारा गरिबों को कम्बल भी वितरित किये गये। कम्बल की व्यवस्था पायनियर्स क्लब रामनगर द्वारा की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा समिति रामनगर एवं पायनियर्स क्लब रामनगर के अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा द्वारा की गयी। संचालन सचिव बीडी पाण्डे तथा पायनियर्स राकेश अग्रवाल द्वारा दिया गया। सचिव पुनीत शर्मा ने संचालन में सहयोग दिया।

विधायक श्री बिष्ट ने पायनियर्स क्लब के कार्यक्रमों की सराहना की। सेवा समिति रामनगर को भी सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने भागीदारी की। मदन माहेश्वरी, सुरेश अग्रवाल, निरंजन अग्रवाल, संरक्षक सुरेशचन्द्र गुप्ता, रवि शुक्ला सहित अनेक सम्मानित व्यक्ति इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# भीषण अग्निकाण्ड में पायनियर्स एम्बुलेन्स जलकर खाक...पा.अजय अग्रवाल

**चित्रकूट 06 जनवरी 2009।** जनपद में पायनियर्स एम्बुलेंस सेवा लोगों के लिए वरदान साबित हो चुकी है। समाज सेवी संस्था इंटरनेशनल पायनिर्स क्लब विगत पांच वर्षों से पीड़ितों को ध्यान में रखते हुए एम्बुलेंस सेवा का सफल संचालन करती आ रही है। दिनांक 06 जनवरी 2009 को पुरानी बाजार स्थित श्री प्रेम नरायन अग्रवाल की गैराज में जहां लगभग 10 गाड़ियां खड़ी थी, सायं 3 बजे अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। जिसमें एम्बुलेंस सहित 3 गाड़ियां जलकर पूरी तरह से खाक हो गई एवं कई गाड़ियां आंशिक रूप से क्षति ग्रस्त हो गई।



*अग्निकाण्ड में जलकर खाक हुई एम्बुलेंस*



*एम्बुलेंस का भीतरी हिस्सा*

मौके पर कोतवाल भी जयदेव तोमर सहित पुलिस दल एवं अग्निशमन दल के जवान घंटों जूझने के बाद आग पर काबू पा सके। आग बुझने पर देखा गया है कि संस्था की एम्बुलेन्स पूरी तरह से जलकर खाक हो चुकी थी।

घटना की सूचना मिलते ही संस्था अध्यक्ष श्री केशव शिवहरे, अजय अग्रवाल, महेन्द्र केशरवानी, विनोद गुप्ता, अनूप गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, संतोष गुप्ता, ओमप्रकाश साहू, हीरालाल, प्रेमनरायन, डा. सुधीर अग्रवाल, डा. प्रबोध अग्रवाल, श्रीराम अग्रवाल, श्यामलाल आसवानी, ज्ञानेन्द्र कृष्ण पाण्डेय आदि तत्काल मौके पर पहुँच गये। घटना की एफआईआर कोतवाली कर्वी में दर्ज करा दी गई है। इस अप्रत्याशित घटना से सभी पायनियर्स में दुख व्याप्त हो गया।

# क्लब की बैठकों/शोक सभाओं को प्रोजेक्ट में जोड़ना कहाँ तक उचित है...?

**पाय. केशव शिवहरे (राष्ट्रीय अध्यक्ष)**

**चित्रकूट 15 जनवरी 2009।** शाखाओं द्वारा सम्पादित की जा रही मासिक बैठकें, डिनर बैठके, स्वयं के मनोरंजन के लिए आयोजित कार्यक्रमों अथवा शोक सभाओं को प्रगति आख्या/रिपोर्ट में प्रेषित करना यह कार्य कहाँ तक उचित है।



इंटरनेशनल पायनियर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री केशव शिवहरे एडवोकेट के समस्त शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव व सभी सदस्यों को पायनियर चेतना के माध्यम से जारी विज्ञप्ति में अफसोस जाहिर करते हुए उक्त उद्‌गार व्यक्त किए हैं। श्री शिवहरे ने कहा कि लगातार दो वर्षों से कई शाखाओं के पदाधिकारी अपने मासिक/वार्षिक प्रगति रिपोर्ट में सम्पन्न बैठकों एवं शोक सभाओं को संकलित करते हुए यह हवाला देते हैं उन्होंने बहुत ही अच्छा कार्य किया है। जैसा कि आप सभी विदित है कि वार्षिक सम्मेलन के दौरान प्रतिवर्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा निर्धारित प्रोजेक्ट जनहित को ध्यान में रखकर दिए जाते हैं। तदानुसार सत्र के उक्त में उन्ही प्रोजेक्टों के अनुसार सर्वश्रेष्ठ शाखा का चयन कर राष्ट्रीय स्तर पर सम्बन्धित शाखा को पुरस्कृत किया जाता है। संस्था की मासिक बैठकों का आयोजन कराना अपनी स्वयं की नैतिक जिम्मेदारी है, इससे पीड़ितों को हम क्या लाभ पहुँचा सकते हैं। इसी प्रकार शोक सभा नैतिक दायित्व के अन्तर्गत आता है न कि समाज सेवा है। हम अपने स्वयं के मनोरंजन के लिए कोई कार्य करते हैं, वह आत्म संतुष्टि के लिए है न कि समाज के लिए परन्तु जब इन मनोरंजन के उद्‌देश्य परक कार्यक्रम को समाज की मुख्य धारा से जोड़कर निष्पादित करते हैं तो वह समाज सेवा है। हमें इस बात का ध्यान भी रखना होगा कि "पीड़ित मानवता की सेवा ही पायनियरवाद" है। आश्चर्य है कि यह जानते हुए भी विगत दो वर्षों से कुछ पायनियर्स मासिक बैठकों आदि को भी अपनी वार्षिक प्रति रिपोर्ट में दर्शाते हैं जो नियमता गलत है। श्री शिवहरे ने सभी पायनियर्स से अपेक्षा की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संरचनात्मक भूमिका का निर्वहन करें और जनहित के कार्यों में ध्यान दें। ताकि सच्चे अर्थ में समाज सेवा की जा सके। बैठकें, डिनर एवं स्वमनोरंजन यह सभी हमारे नियमित कार्य है।

# पायनियर्स धर्मार्थ औषधालय रामनगर का वार्षिक आय-व्यय विवरण पारित

**रामनगर।** दिनांक 10.1.2009 को होम्योपैथिक अस्पतायल के वर्ष 2007-08 के आय-व्यय एवं आगे की प्रगति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों की अस्थित निम्न प्रकार है- श्री संतोष कुमार मेहरोत्रा (अध्यक्ष), श्री पुनीत शर्मा (सचिव), श्री बी.डी. पाण्डे (प्रबन्धक), डा. अनुराग जी (चिकित्सक), श्री गोपाल जी (कम्पाउण्डर)।

राजरानी मेहरोत्रा होम्योपैथिक औषधालय पीएम द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। होम्योपैथिक अस्पताल रामनगर एवं पीरूमदारा के अस्पताल के वर्ष 2007-08 के आय-व्यय विवरण डा. अनुराग जी ने प्रस्तुत किया सर्वप्रथम पीरूमदारा के अस्पताल के आय-व्यय का विवरण पर विचार विमर्श किया गया, पाया गया कि पीरूमदारा अस्पताल के पिछले वर्ष में रुपये 5824 का नुकसान होना पाया गया। इस हानि को पूरा करने हेतु पीरूमदारा के प्रभारी गोपाल जी को सलाह दी गई की वे उक्त हानि के क्षति एवं हानि को दूर करने का प्रयास करने हेतु दानदाताओं से सम्पर्क करें-

श्री गोविन्द सिंह अधिकारी, विपिन कुमार अग्रवाल, डा.के. सी जोशी। ग्रामीण क्षेत्र पीरूमदारा अस्पताल की आय बढ़ाने हेतु पाय. सदस्य श्री राजेन्द्र मित्तल पीरूमदारा क्षेत्र के सम्पन्न किसानों एवं महानुभावों से सम्पर्क कर दान-दाताओं की सूचि तैयार कर उनसे दान प्राप्त करने का प्रयास करें।

स्वामी परमानन्द पायनियर्स धर्मार्थ औषधालय रामनगर के आय-व्यय का विवरण भी देखा गया तो पाया गया 191016 आय पाई गयी है तथा व्यय मध्ये 194447 पाये गये। कुल मिलाकर 3431 का घाटा होना विवरणी में दर्शाया गया। यह विवरण दोनों सयुंक्त अस्पताल पीरूमदारा एवं रामनगर का सम्मलित है।

पीरूमदारा एवं रामनगर अस्पताल का वार्षिक विवरण इस प्रकार प्रस्तुत किया जाये जिससे दोनों औषधालयों का हानि-लाभ पृथक-पृथक पता लग सके। दवाइयों एवं ग्लूकोज का बिल लेकर प्रत्येक माह सम्बन्धित पत्रावली में संलग्न किया जाये इनका भुगतान चैक द्वारा ही हो। पेटन्ड का रजिस्टर बनाया जाये। सैण्ट्रल बैंक के औषधालय के एकाउण्ट को बन्द करके बैंक ऑफ बड़ौदा के एकाउण्ट में जमा करा दिया जाये। पाय. विपिन जी ने सुझाव दिया कि पीरूमदारा अस्पताल में दान-दाताओं की सूचि लगायी जाय। यह प्रस्ताव सर्व-सम्मति से पारित किया गया। धन्यवाद सहित आज के बैठक के समापन की घोषणा की गई। डा. जोशी जी की सलाह पर उक्त रिपोर्ट टाइप कराकर सभी सदस्यों को दी जाये।

बैठक की अध्यक्षता रामनगर पायनियर्स के अध्यक्ष संतोष मेहरोत्रा तथा संचालन सचिव पुनीत शर्मा ने किया।

रामनगर में होम्योपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में यह औषधालय एक प्रेरणा श्रोत है। अनेक गम्भीर रोगी यहां से प्रतिदिन चिकित्सा कराकर लाभ प्राप्त कर रहे हैं। रामनगर में यह चिकित्सालय काफी लोकप्रिय है। डा. अनुराग के नेतृत्व में चिकित्सालय की आस्था मरीजों में है। यह रामनगर पायनियर क्लब का ड्रीम प्रोजेक्ट है जिसे स्थानीय समाजसेवियों का संरक्षण प्राप्त है। दोनों औषधालय पायनियर्स क्लब की निजी सम्पत्ति में चलते हैं तथा रामनगर हौम्योपैथिक चिकित्सालय में पायनियर्स ऑक्सीजन बैंक का संचालन होता है।

# पायनियर्स धर्मार्थ हौम्योपैथिक औषधालय रामनगर एवं पीरूमदारा में 15% अधिक मरीज देखे गये

**रामनगर।** इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब द्वारा संचालित स्वामी परमानन्द पायनियर्स हौम्योपैथिक औषधालय रामनगर व राजरानी मेहरोत्रा पायनियर्स हौम्योपैथिक औषधालय पीरूमदारा लगभग 35 वर्षों से समाज सेवा कर रहे हैं और लगाता प्रगति की ओर अग्रसर हैं।

2007-2008 में हौम्योपैथिक औषधालयों में मरीज संख्या निम्नवत् रही -

| रामनगर | | पीरूमदारा |
|---|---|---|
| 2980 | अक्टूबर 2007 | 941 |
| 2784 | नवम्बर 2007 | 750 |
| 2940 | दिसम्बर 2007 | 771 |
| 2847 | जनवरी 2007 | 702 |
| 2655 | फरवरी 2007 | 868 |
| 3043 | मार्च 2007 | 958 |
| 2529 | अप्रैल 2008 | 887 |
| 3007 | मई 2008 | 801 |
| 2584 | जून 2008 | 716 |
| 2799 | जुलाई 2008 | 852 |
| 2678 | अगस्त 2008 | 1003 |
| 2442 | सितम्बर 2008 | 1080 |
| 33288 | | 10329 |

इस प्रकार कुल मरीज संख्या वर्ष 2007-08 में दोनों औषधालयों में 43617 रही जो कि गत वर्ष से 15% अधिक रही। औषधालयों में 205 रोगियों की सुगर टेस्ट की गयी। जरूरमंद लोगो को ऑक्सीजन गैस के सिलेण्डर दिये गये। क्लब के संचालन व जनता के सहयोग से आगे और अधिक प्रगति औषधालयों की होगी। इस प्रकार ऑक्सीजन बैंक स्वामी परमानन्द पायनियर्स धर्मार्थ औषधालय में निरन्तर संचालित है।

# इण्टरनेशनल पायनियर क्लब, मुरादाबाद

## मनोरंजक सभा–लोहड़ी विशेष

**मुरादाबाद।** दिनांक 17.01.2009 को सायं 8.00 बजे इण्टरनेशनल पायनियर क्लब, मुरादाबाद शाखा की पारिवारिक एवं मनोरंजक सभा ''मैसोनिक लॉज'' में लोहड़ी विशेष के रूप में मनायी गई।

सभा का शुभारम्भ 'गणेश वन्दना' के साथ पाय0 एच0एन0 धवन सचिव द्वारा किया गया, इसके साथ ही उन्होंने सभा में उपस्थित सभी पायनियर सदस्यों का स्वागत किया और नववर्ष की शुभकामनाऐं दी। इसके आगे की कार्यवाही के लिए आज की सभा के संयोजक पाय0 प्रमोद ग्रोवर एवं सुनीता ग्रोवर को आमंत्रित किया। ग्रोवर दम्पत्ति द्वारा सभा का संचालन बड़े ही सुन्दर और मनमोहक ढंग से करते हुए सर्वप्रथम पेपर-गेम कराया। जिसमें पाय0 श्रीमती रति रस्तोगी द्वारा प्रथम पुरस्कार जीता गया। एक मिनट गेम जिसमे संयोजक द्वारा एक अप्रत्याशित वाक्य दिया गया जिसको प्रतिभागी द्वारा एक मिनट तक बिना रूके अपने विचार व्यक्त करने थे, उसमें प्रथम पुरस्कार श्री कमल रस्तोगी एवं द्वितीय पुरस्कार श्रीमती कमलेश अरोरा द्वारा जीता गया। बीच-बीच में नन्हें-मुन्हें बच्चों द्वारा चुटकले एवं गीत प्रस्तुत कर उपस्थित सदस्यों का मन मोह लिया। इसके उपरान्त संयोजक दम्पत्ति द्वारा कपल चुन्नी गेम एक नये अन्दाज के साथ खिलाया, **जिसको सभी सदस्यों द्वारा विशेष रूप से पसन्द किया गया। कपल** चुन्नी गेम के विजेता हमारी शाखा से जुड़े नये सदस्य श्री **अशोक एवं** श्रीमती रीता तोमर रहे। प्रधान कार्यालय के निर्देशानुसार प्रत्येक सदस्य को एक नया सदस्य बनाना है के अन्तर्गत जोनल चेयरमैन पाय. एल. सी. अरोरा द्वारा श्री एवं श्रीमती अशोक तोमर का मुरादाबाद शाखा में सदस्यता ग्रहण करायी। शाखा की परम्परा के अनुसार माह में जिस किसी सदस्य की विवाह वर्षगांठ होती है उस दम्पत्ति को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाता है। उक्त परम्परा के अन्तर्गत शाखा सचिव पाय. एचएन धवन को उनकी विवाह वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सभी सदस्यों द्वारा शुभकामनायें देकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस माह में चूंकि नववर्ष एवं लोहड़ी पर्व होता है अतः इस सभा को विशेष यादगार बनाने हेतु लोहड़ी जलाकर उसके चारों ओर नृत्य करते हुए रेवड़ी, मूंगफली, गजक आदि का आनन्द लिया। संयोजक द्वारा विशेष रूप से ढोल का प्रबन्ध किया गया था। ढोल की थाप पर सभी दम्पत्तियों द्वारा भांगड़ा नृत्य किया गया।

इसके उपरान्त सभाध्यक्ष पाय. सुभाष अरोरा द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभा की समाप्ति की घोषणा की। अंत में राष्ट्रीय गान के बाद सभी ने रात्रिभोज का आनन्द लिया। इस दिन विशेष रूप से पंजाबी भोज ''मक्का की रोटी और सरसों का साग'' का प्रबन्ध किया गया था।

सभा में पाय0 अंकुर रस्तौगी, कमल रस्तौगी, अनिल गोयल, **अरविन्द अग्रवाल,** योगेश रस्तौगी, एलसी अरोरा, चरनजीत सेठी, मुकेश लालवानी, एमसी गुप्ता, अशोक तोमर, एससी अरोरा, संदीप भारद्वाज, जेके बाली एवं प्रमोद ग्रोवर आदि उपस्थित थे।

# युवाओं को स्वावलम्बी बनाने को पायनियर्स क्लब निःशुल्क दिलायेगा टैली कम्प्यूटर प्रशिक्षण

**चित्रकूट,** 08 जनवरी 2009। जिले के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाऐं मुहैया कराने वाले, समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब ने शिक्षा की ओर भी अपना हाथ बढ़ाया है।

गरीब छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए 7 जनवरी को सम्पन्न मासिक बैठक में संस्था ने एक दर्जन युवाओं के लिए टैली कम्प्यूटर की शिक्षा निःशुल्क दिलाकर उन्हें स्वावलम्बी बनाने का निर्णय लिया है।

संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेवी केशव शिवहरे ने बताया कि कम्प्यूटर के क्षेत्र में निजी कम्पनियों में टैली प्रशिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के काफी अच्छे अवसर सुलभ होते हैं और धीरे-धीरे अच्छा कैरियर भी बनाया जा सकता है। इसी परिप्रेक्ष्य में स्थानीय चित्रकूट इंटर कालेज मार्केट स्थित निम्बस कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट से टाईअप कर एक दर्जन छात्र/छात्राओं को निःशुल्क टैलीकोर्स कराने का निर्णय लिया गया है। जिसकी अवधि तीन माह होगी। इच्छुक छात्र-छात्राओं को प्रत्येक दशा में अपना पंजीकरण 19 जनवरी तक अनिवार्य रूप से कराना होगा ताकि 20 जनवरी 2009 को चयन कर शीघ्र कक्षाऐं शुरू करायी जा सके। श्री शिवहरे ने बताया कि इस सम्बन्ध में इंस्टीट्यूट के निदेशक अमित शुक्ला को आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा चुके हैं। उन्होंने बताया सफल विद्यार्थियों को संस्था द्वारा प्रमाण पत्र भी जारी किये जायेंग। उन्होंने बताया इसके पूर्व वर्ष 2008 में दो दर्जन विद्यार्थियों को डीसीए का 6 माह का कम्प्यूटर कोर्स करा कर संस्था द्वारा उन्हें डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र दिया जा चुका है।

श्री शिवहरे ने कहा कि यह प्रोजेक्ट उन लोगों के लिए लाभदायक होगा जो धन के अभाव में कम्प्यूटर की शिक्षा नहीं ले पा रहे थे। बैठक में संस्था के निदेशक डा0 सुधीर अग्रवाल, महेन्द्र केशरवानी, डा0 सीताराम गुप्ता, सचिव अजय अग्रवाल, गोपी किशन अग्रवाल, ओमप्रकाश साहू, श्याम लाल आसवानी, मार्शल प्रेमनरायन करसौंधन, न्यायालय सम्बन्धी मामलों के पैरोकार हीरालाल सोनी, सुनील सुहाने, शारदा गुप्ता, राजेश गुप्ता, अतुल अग्रवाल, अमित शुक्ला, अरूण श्रीवास्तव, राजेन्द्र गुप्ता, डा0 प्रबोध अग्रवाल, संतोष गुप्ता, संजीव अग्रवाल रमेश केशरवानी, बद्री प्रसाद केशरवानी, अजय गुप्ता सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

# डा. के. कुमार, रायबरेली जिनकी यादें बाकी हैं

## ● पायनियर्स के लिए समर्पित व्यक्तित्व थे डा0 के0 कुमार



*जयपुर में 13वें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करते डा. के. कुमार, राजस्थान के राज्यपाल श्री ओ.पी. महरा के बराबर में*



*10वें राष्ट्रीय सम्मेलन नैनीताल की अध्यक्षता करते डा.के. कुमार, मुख्य अतिथि तत्कालीन कमिश्नर कुमायूँ*



*पाय. क्लब रायबरेली द्वारा बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ आयोजित शिविर में सासंद श्री अरूण कुमार नेहरू भोजन पैकेट वितरित करते हुए तथा भूतपूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. के.कुमार से क्लब की गतिविधियों से अगत कराते हुए*



*हिन्दी सम्राट डा. रामकुमार वर्मा का स्वागत करते राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. के. कुमार*

# डा0 के0 कुमार, रायबरेली का निधन

## शोक संवेदना



इण्टरनेशनल पायनियर्स के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. कृष्ण कुमार अग्रवाल, रायबरेली के असामयिक निधन पर सम्पूर्ण पायनियर परिवार अपनी गहन संवेदनायें व्यक्त करते हैं। श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल फिरोज गाँधी डिग्री कालेज रायबरेली में प्रवक्ता थे तथा अपने पीछे अपनी पत्नी श्रीमती प्रमिला गुप्ता, विवाहित पुत्र अंकित अग्रवाल एवं अविवाहित पुत्री प्रमिता को छोड़ गये हैं। उनका निधन 26 दिसम्बर को 58 वर्ष की अवस्था में उनका स्वर्गवास हो गया। डा0 कुमार ने कई वर्षों तक इण्टरनेशनल पायनियर्स का कुशल नेतृत्व किया। उनकी अध्यक्षता में कई राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किये गये। 13वाँ राष्ट्रीय जयपुर सम्मेलन एक यादगार हैं। जब रामनगर में अखिल भारतीय नाटक प्रतियोगिता में रूकावट आई तब डा0 कुमार ने लगातार 2 वर्ष अखिल भारतीय नाटक प्रतियोगिता रायबरेली में आयोजित की। रायबरेली में इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब की धमक लम्बे समय तक रही है। रायबरेली क्लब कई वर्षों तक सर्वश्रेष्ठ पायनियर्स क्लब रहा। एक सादगीपूर्ण समर्पित व्यक्तित्व के डा0 कुमार।

## महासचिव का पत्र

*प्रिय पायनियर्स,*

*नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाऐं स्वीकार करते हुए पूरे उत्साह, लगन एवं निष्ठा के साथ पायनियरवाद के आग्रे बढ़ाने के लिए सतत् प्रयत्नशील रहें। पत्रों के आदान प्रदान से गतिशीलता बनी रहती है। यदि हम सभी शाखाओं को अपने कार्यक्रम की सूचना एवं आमंत्रण भेजते रहें तो शाखाओं की सूचनायें प्राप्त होती हैं, उसे यथासम्भव स्थान दिया जाता है। बहुत से साथी इसमें अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करते हैं, इसके लिए मैं उनका अत्यन्त आभारी हूँ तथा यह निवेदन करूंगा कि वे अपना सहयोग इसी प्रकार संस्था को देते रहें।*



*पायनियर विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत इस वर्ष प्रत्येक सदस्य को एक नया सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। यह लक्ष्य अपनी शाखाय में सदस्य बनाकर अथवा कहीं बाहर सदस्य बनाकर पूरा किया जा सकता है। कठिन कुछ नहीं है, बशर्ते कि हम उसे करना चाहें। अगर कोई दूसरा कुछ कर सकता है तो हम क्यों नहीं। केवल मन में दृढ़ संकल्प को दोहरायें कि प्रत्येक सदस्य को एक नया सदस्य बनाना है। हम अपने मकसद में कामियाब होंगे। याद रखिये हम होंगे कामियाब एक दिन।*

***किसी भी साथी को हीनता महसूस नहीं होनी चाहिए, यदि** किसी कारण से किसी शाखा में मीटिंग नहीं हो पा रही है तो प्रयत्न करें कि निरन्तर मीटिंग हों। प्रधान कार्यालय की मीटिंग के लिये भी यदि कोई शाखा तैयार हो तो कृपया अपना प्रस्ताव तुरन्त भेंजे। अत: यह प्रस्तावित करें कि यह मीटिंग किस स्थान पर की जाये।*

*हम सब सामुहिक प्रयास करेंगे, तो सबका मनोबल ऊँचा रहेगा और काम करने में भी सबको अच्छा लगेगा।*

*मैं पुन: आप सबको नये वर्ष की बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ। राष्ट्रीय अध्यक्ष पायनियर केशव प्रसाद शिवहरे भी आपसे यही कामना करते हैं।*

*धन्यवाद!*

*पायनियरवाद में आपका साथी।*

***संतोष कुमार मेहरोत्रा***
***रामनगर (नैनीताल)***

## खिचड़ी एवं ऊनी वस्त्र वितरण

**मुरादाबाद।** दिनांक 18.1.2009 रविवार को मुरादाबाद शाखा द्वारा प्रात: 11 बजे लाइनपार स्थित कुष्ठ आश्रम में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में लगभग 100 लोगों को खिचड़ी वितरण किया गया तथा सदस्यों द्वारा अपने-अपने घरों से लाये पुराने ऊनी वस्त्र जिसमें स्वेटर, शॉल आदि भी वितरित किये गये।

इस समय पाय. एससी अरोरा (अध्यक्ष) पाय. एचएस धवन (सचिव), पाय. एलसी अरोरा (जोन चेयरमैन), पाय. एमसी गुप्ता (उपाध्यक्ष), पाय. सुबोध भारद्वाज, पाय. अंकुर रस्तौगी, पाय. अरविन्द अग्रवाल, पाय. कमल रस्तौगी, योगेश रस्तौगी आदि सदस्य उपस्थित थे। ***पाय. एचएन धवन (सचिव)***

## पायनियर्स के अखिल भारतीय नाटक प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार विजेता युग मंच का मंचन

### 'जिन लाहौर नही देख्या' नाटक से समां बांधा

**रामनगर।** रामनगर यूथ फोरम के तत्वावधान मे मधुवन के प्रेक्षागृह में युग मंच नैनीताल के कलाकारों द्वारा अजगर वजाहत के नाटक 'जिन लाहौर नहीं देख्या' नाटक का मंचन किया गया। इस दौरान कलाकारों ने अपने अभिनय से मजहबी बुनियाद परस्ती, तंग दिली और इंसानियत के बीच टकराव की जो बानगी दर्शकों के सामने रखी उससे लगा कि आज भी समाज में फिरकापरस्तों को करारा जवाब देने की जरूरत है। नाटक का कथानक 1947 में भारत-पाक बंटवारे के बाद हुए हालातों के इर्द गिर्द घूमता नजर आया।



चुस्त पटकथा और हिन्दुस्तान के विभाजन से उपजी त्रासदियों के इर्द-गिर्द नाटक का ताना बाना बुना गया था। नाटक में दिखाया गया कि 1947 में 14-15 अगस्त को एक मुल्क की ही नहीं बल्कि आपसी बंधनों में बंधे इंसानी रिश्तों के बीच सियासत से जुड़े लोगों ने इनके बीच भी एक लकीर खंच दी। उन लोगों को बांटा गया जो एक दूसरे से नहीं बल्कि अपने शहर, गांव, गली, चौराहों और अपने दरख्तों की छांव से बंधे थे, मजहबी बुनियाद परस्ती, तंग दिली, और इंसानियत के बीच टकराव को बयान करने वाले इस नाटक में जितेन्द्र बिष्ट, जहूर आलम, भाष्कर बिष्ट, ज्योति जोशी, नूरी परवीन, मनोज कुमार, बृजेश जोशी, मुकेश धस्माना, ध्रुव काण्डपाल, गौरव जोशी, पवन कुमार और सतीश पाण्डे ने अपने किरदार के साथ पूरा न्याय करते हुए नाटक के कथानक को जीवंत बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। समिष्टा का पार्श्व गायन और संगीत ने नाटक के प्रभाव को काफी हद तक सशक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। देर रात तक चले नाटक में यूथ फोरम के गणेश रावत, देवेन्द्र नेगी, राजेन्द्र सिंह, चंदन बंगारी, तेजपाल सिंह, भगवती पंत, आलोक गुंसाई ने नाटक के सफल मंचन पर सभी का आभार जताया।

इण्टरनेशनल पायनियर्स द्वारा आयोजित अखिल भारतीय नाटक प्रतियोगिता में अनेक बार प्रथम रही युग मंच संस्था का रामनगर पायनियर्स के अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय महासचिव संतोष मेहरोत्रा एवं सचिव पुनित शर्मा ने स्वागत किया एवं पायनियर्स क्लब की ओर से एक स्मृति चिन्ह भेंट किया। जिसके लिए युग मंच के निर्देशक जहूर आलम ने आभार व्यक्त किया।

इण्टरनेशनल पायनियर्स द्वारा आयोजित अखिल भारतीय नाटक प्रतियोगिताओं के दौरान हिन्दी रंगमंच को सर्वाधिक दर्शक देने का श्रेय इण्टरनेशनल पायनियर्स को जाता रहा है।

इस नाटक के मंचन के दौरान प्रेक्षागृह में ठसाठस भरी दर्शकों की भीड़ ने पुन: सिद्ध कर दिया कि रामनगर में आधुनिक संचार साधनों के युग में रंगमंच के प्रति आज भी दर्शकों में उतना ही लगाव है जितना कि अखिल भारतीय नाटक प्रतियोगिता के दौरान था। युग मंच संस्था जिसने फिल्म जगत में भी कलाकार दिये हैं आज भी रंगमंच के प्रति समर्पण की जितनी तारिफ की जाय कम है।

श्री जहूर आलम के जीवन्त अभिनय की जितनी तारिफ की जाय कम है तथा आयोजक मण्डल के साहस की भी उपेक्षा नहीं की जा सकती। विशेष रूप से गणेश रावत, देवेन्द्र नेगी, राजेन्द्र सिंह, चंदन बंगारी, तेजपाल सिंह, भगवती पंत, आलोक गुंसाई आदि ने इस आयोजन को सफल बनाने में जितनी मेहनत की उसकी जितनी तारिफ की उतनी कम है।

समाचार पत्र पंजीयन सं0 पं0 सं0 56806/83,
डाक पंजीयन UA/NTL-01/03

# इन्टरनेशनल पायनियर्स

नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था
प्रधान कार्यालय-रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड

सोसायटी की रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र संख्या-1237/1971-72

## राष्ट्रीय पर्व

60वें गणतन्त्र दिवस के उपलक्ष पर भारतीय स्टेट बैंक, रामनगर (नैनीताल) अपने समस्त सम्मानीय ग्राहकों एवं नगरवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित करते हैं।

पीताम्बर अन्डोला (मुख्य प्रबन्धक)
फोन :05947-251168, 251337, 254991

**60वें गणतन्त्र दिवस पर**
**हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें**


**अमर रहे गणतंत्र हमारा।**
**भारत देश हमारा प्यारा।।**

**समस्त पायनियर परिवार**
**इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब**
**प्रधान कार्यालय रामनगर**

*Satish Agarwal*
*Rahul Agarwal*

Mobile :
9927072840
9837072840

**J.N. POLY FAB**




Manufacture of :
1 H.D.P.E. / P.P.
1 Plastic Woven
1 Bags/Sacks

Regd. Off. :
47, Meenakshi Road, (Kaliwala Oil Mill)
HAPUR-245101 (Ghaziabad) U.P.
Tel. : 0122-2333224, 2333279

Resi : 63, Panna Puri, (Kaliwala House, Garh Road, Hapur-245101

**भारत का अर्न्तराष्ट्रीय क्लब**

**प्रत्येक नगर में इन्टरनेशनल पायनियर्स क्लब स्थापित करें**

विश्व बन्धुत्व, वसुधैव कुटुम्बकम् के अन्तर्गत
नेतृत्व के उचित अवसर पारिवारिक मनोरजंन
फैलोशिप, नि:स्वार्थ समाज सेवा

रजि0 संख्या-1237 स्थापित 1968
☎: 05947-252841
मो0 : 9897122394

इन्टरनेशनल पायनियर्स
e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com
website : www.internationalpioneers.org
राष्ट्रीय कार्यालय : रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड

सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक-सन्तोष कुमार मेहरोत्रा द्वारा इन्टरनेशनल पायनियर्स राष्ट्रीय कार्यालय के स्वामित्त्व में प्रकाशित एवं विबग्योर प्रिन्टर्स, रामनगर (नैनीताल) में मुद्रित।